तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 22 जून 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा ]

3 निरोगी जीवन की जरूरत है योग, हर कोई रंगा योग के रंग में



## खबर संक्षेप

### टीईटी व पीपीटी परीक्षा कल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) व पीपीटी परीक्षा 23 जून को पूर्वान्ह 9 से 12.15 बजे तथा अपरान्ह 2 बजे से 5.15 बजे तक दो पालियों में आयोजित होगी। जिसके अंतर्गत प्रथम पाली में 8060 तथा द्वितीय पाली में 10963 परीक्षार्थी शामिल होंगें। परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा को मार्गदर्शन केंद्र बनाया गया है, जिसका दूरभाष क्रमांक 07759-221458 है। परीक्षा केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण हेतु उड़नदस्ता दल नियुक्ति की गई है, जिसके अंतर्गत सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीकांत कसेर, व्याख्याता शासकीय विद्यालय पड़निया चंद्रेश दूबे, व्याख्याता षासकीय विद्यालय लेमरू श्रीमती रितु श्रीवास्तव, कृषि विस्तार अधिकारी कोरबा पी एल मिरेन्द्र, व्याख्याता शासकीय विद्यालय नोनबिर्रा संजीव खाखा, व्याख्याता शासकीय विद्यालय लेमरू श्रीमती रोशनी पटेल, सहायक सांख्यिकी अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोरबा एमआर डहरिया, व्याख्याता शासकीय विद्यालय पोड़ी-उपरोड़ा श्रीमती मंजूषा सिंह तंवर एवं व्याख्याता शासकीय विद्यालय बाल्को श्री रेशम दुबे को उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है।

### राज्य स्तरीय खेल पुरस्कार के लिए 30 जून तक आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** खेल पुरस्कार के लिए आवेदन 30 जून तक आवेदन मंगाए गए हैं। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को प्रदान किये जाते हैं। राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है, जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया है या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया है। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के उन खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है जिनके द्वारा जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो। ऐसे महिला, पुरुष खिलाड़ी जिन्होंने विगत 5 वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व किया हो, को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है। प्रशिक्षकों, निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। खेल से जुड़े 55 वर्ष या अधिक उम्र के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या संबंधित ने ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में की हो, जिसके आधार पर सम्मानित किये जाने हेतु विचार किया जाए, उन्हें शहीद विनोद चौबे सम्मान से अलंकृत किया जाता है।

### एसईसीएल में आयोजित किया गया स्वच्छता पखवाड़ा

**कोरबा।** केन्द्र सरकार की मंशा के अनुरूप एसईसीएल में भी स्वच्छता ही सेवा के उद्धेश्य को अपनाते हुए 16 जून से 30 जून तक विशेष स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी एसईसीएल में निदेशक तकनीकी एसएन कापरी, निदेशक बिरंची दास, विभिन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों दवारा साफ़-सफाई किया गया। इसके साथ ही वसंत विहार डिस्पेंसरी एवं इंदिरा विहार डिस्पेंसरी में भी साफ़-सफाई की गई। स्वच्छता की इस निरंतरता को जारी रखने हेतु 22 व 23 जून को सभी क्षेत्रों के हास्पिटल व डिस्पेंसरी, स्कूलों, आवासीय परिसरों में स्वच्छता हेतु प्रेरित किया जाएगा। 24 जून को मुख्यालय व सभी क्षेत्रों के टायलेट, सुलभ काम्प्लेक्स, पानी टंकियों, सिवेज ट्रिटमेंट प्लांट में स्वच्छता की जाएगी। 25 जून को सभी क्षेत्रों के स्कूलों एवं कालेजों के विद्यार्थियों हेतु स्वच्छता अभियान विषयक निबंध, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

# हर बारिश में मरम्मत के इंतजार में रहते हैं सरकारी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में खनिज न्यास के मद से बड़े बड़े निर्माण कार्य और सामाग्री आपूर्ति के कार्य विभिन्न विभागों में हो रहे हैं, किंतु सरकारी कर्मचारी के आवास मरम्मत के इंतजार में लंबे समय से कर रहे हैं। मरम्मत के लिए डीएमएफ मद से इन्हें बड़ी राशि की मदद नहीं मिलती। यही कारण है कि निवासरत कर्मचारी मरम्मत का कार्य अपने स्वयं के खर्च पर करा रहे हैं। स्थिति यह है कि कर्मचारी तो दूर की बात अधिकारियों को भी अपने बंगले को तिरपाल से ढका जा रहा है।

कर्मचारी संघों के द्वारा लगातार सरकारी आवासों के मरम्मत को लेकर समय समय पर प्रशासन और शासन को अवगत कराते हुए राशि की मांग कर रहे हैं, किंतु कर्मचारी संघों की मांग भी अनसुनी हो जा रही है। हर वर्ष बारिश में कर्मचारियों के सामने आवास को बचाने की मजबूरी रहती है। अधिकारी भी इसी स्थिति में रहने को मजबूर हैं। आईटीआई कॉलोनी से लेकर सिंचाई कॉलोनी के आवास अब दशकों पुराने होने के कारण डिस्मेंटल की स्थिति में आ गए हैं। उसके बावजूद कर्मचारी उनमें रहने को मजबूर हैं। सिंचाई विभाग में कार्यरत कर्मचारी आज भी मुकम्मल आवास के लिए मोहताज हैं। कर्मचारियों ⏭ शेष पेज 3 पर

### डीएमएफ से नहीं मिलती मरम्मत की मदद



### अवैध बेजाकब्जा की भरमार

कालोनी के आवास रहने योग्य नहीं होने के कारण विभागीय कर्मचारी किराए के भवन में रह रहे हैं। आवास भत्ता ऐसे परिसर के अधिकांश आवासों में अवैध कब्जा है। आवास की सुविधा होने के कारण कर्मचारियों को भत्ता भी नहीं मिलता। उन्हे अन्यत्र स्थानों में लिए भवन का किराया वेतन से ही देना पड़ रहा। विभाग की ओर से आवासों को मुक्त कराने की दिशा में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसे में जीणोद्धार में प्रगति को लेकर संशय बनी हुई है।

### इन अधिकारियों के आवासों को तिरपाल का सहारा

तिरपाल से ढंके आवास की समस्या केवल जल संसाधन ही नहीं बल्कि लोक निर्माण विभाग में भी देखी जा रही। इन अधिकारी के आवासों को भी तिरपाल का सहारा बना हुआ है। जिनमें अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त को आवंटित आवासों की भी दशा दयनीय है। वहीं सिंचाई विभाग के अफसरों को जो आवास मिले हैं वह भी दयनीय स्थिति में है। इन आवासों को भी तिरपाल से ढका जाता है। एक ओर जिला खनिज न्यास से उपयोगहीन भवन बनाने के लिए खर्च हो रहा है। वहीं विभागों में काम करने वाले कर्मचारी अधिकारियों का आवास की दशा में सुधार नहीं हो रहा।

महज 25 पीटीआई के भरोसे चल रही है जिले की खेल

# सरकारी स्कूलों के खिलाड़ियों को खेल शिक्षक की है दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले के सरकारी स्कूलों के सैकड़ों छात्र खिलाड़ियों को केवल 25 पीटीआई के भरोसे अपनी खेल प्रतिभाएं सामने लानी पड़ रही है। मीडिल स्कूल से लेकर हाईस्कूल हायर सेकेंडरी स्कूल में खेल शिक्षकों की दरकार बनी हुई है। खेल शिक्षकों के लगातार सेवानिवृत्त होने और रिक्त हो रहे पदों पर भर्ती नहीं होने से खिलाड़ियों का रूझान भी अब खेल के प्रति कम होती जा रहा है। स्थिति यह है कि कुछ ऐसे खेल हैं जो निजी स्कूल के भरोसे स्थापित है। ऐसे खेलों में सरकारी स्कूल के छात्र सामने ही नहीं आ रहे हैं।

प्रतिवर्ष शिक्षण सत्र शुरू होते ही शालेय खेलकूद कैलेंडर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी कर दिया जाता है और ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक की प्रतियोगिताएं के आयोजन को लेकर कार्यक्रम जारी होने से व्यायाम शिक्षकों को शेड्यूजल के अनुसार प्रतियोगिताएं आयोजित कराने की जिम्मेदारी सौंप दी जाती है। जिले में स्थिति यह है कि महज 25 पीटीआई ही पूरे जिले में पदस्थ हैं, जबकि 32 पद खाली हैं।

खेलों की जो भी स्थिति कुछ सुधरी हुई नजर आती है तो वह महज शहरी क्षेत्र के निजी स्कूलों की बदौलत। कुछ ऐसे सरकारी स्कूल हैं जहां पीटीआई पदस्थ हैं, लेकिन उनके द्वारा छात्रों को खेल के लिए प्रशिक्षित नहीं किया जाता। ऐसे स्कूलों की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा है। जिले में 70 हायर सेकेंडरी स्कूल हैं, जिनमें 25 स्कूलों में पीटीआई पदस्थ हैं। वहीं राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन द्वारा संचालित स्कूलों में पीटीआई के पद ही स्वीकृत नहीं किए गए हैं। ऐसे में अंचल की खेल प्रतिभाएं कहां और कैसे नाम रौशन करेंगी ये शासन की नये पीटीआई के भर्ती पर ही निर्भर करता है। अब तक राज्य शासन की ओर भर्ती की प्रक्रिया शुरु नहीं की गई है। पिछले लंबे समय से पद रिक्त हैं।

### शासन की भर्ती से मिलेंगे खेल शिक्षक

जिले में खेल शिक्षकों के पद रिक्त है उसके बावजूद जो पीटीआई पदस्थ हैं उनके द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। शासन की भर्ती से खेल शिक्षक मिलने से रिक्त पदों की भर्ती हो सकेगी।

**- टीपी उपाध्याय,** जिला शिक्षा अधिकारी

### फुटबॉल में निजी स्कूलों का दबदबा

सरकारी स्कूलों की तुलना में निजी स्कूल के छात्रों का फुटबाल में दबदबा है वह भी शहरी क्षेत्र के स्कूलों में जहां पीटीआई पदस्थ है उनके द्वारा सीमित वेतन में भी छात्रों को खेल का प्रशिक्षण दिया रहे हैं, जबकि इनकी तुलना में शहरी क्षेत्र के स्कूलों में पीटीआई के पदस्थ होने के बावजूद फुटबॉल में खिलाड़ी सामने नहीं आ पा रहे हैं। हॉकी में कन्या स्कूल बालको की टीम ही सामने आती है। इसी तरह वॉलीबॉल में हायर सेकेंडरी स्कूल गोढ़ी के खिलाड़ी ही सामने आते हैं।

### पाली, कटघोरा, पोड़ीउपरोडा खेल में पिछड़े

जिले के तीन ब्लॉक पाली, कटघोरा और पोड़ीउपरोड़ा ऐसे ब्लॉक हैं जहां के स्कूलों में पीटीआई पदस्थ होने के बावजूद वहां से छात्र खेल में सामने नहीं आ पा रहे हैं। स्थिति यह है कि ब्लॉक स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में छात्र भाग नहीं लेते। जाहिर है इन ब्लॉकों में पदस्थ पीटीआई खेल के प्रति रूचि नहीं ले रहे हैं। कोरबा और करतला ब्लॉक से ही सर्वाधिक छात्र खेलों में भाग लेते हैं। जबकि खेल प्रतियोगिताओं के लिए इन तीनों विकासखंड में फंड भी जारी होता है। वहीं सालाना फीस में छात्रों से क्रीडा शुल्क भी लिया जाता है। खेल सामाग्रियों की आपूर्ति भी होती है उसके बावजूद इन तीन विकासखंड से खेल प्रतिभाएं सामने नहीं आने पर खेल शिक्षकों पर सवाल खड़ा होता है।

### तीन ब्लॉक और एक स्कूल से बालिका टीम

खेलों के गिरते स्तर का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पोड़ीउपरोड़ा, पाली, कटघोरा इन तीन विकासखंड में केवल सिंधिया हायर सेकेंडरी स्कूल से ही फुटबॉल में बालिकाओं की टीम राज्य स्तर तक पहुंचती है, जबकि इन तीनों ब्लॉक में बड़े स्कूल संचालित हैं, लेकिन सिंधिया को छोड़कर अन्य स्कूल से बालिकाओं की टीम किसी भी टीम गेम में सामने नहीं आ रही है।

### दो पीटीआई जिला मुख्यालय में अटैच

एक तो सरकारी स्कूलों में पीटीआई के पद रिक्त पड़े हुए हैं। वहीं दो स्कूल के पीटीआई को जिला मुख्यालय में अटैच कर दिया गया है, जिनमें एनसीडीसी हायर सेकेंडरी के पीटीआई पिछले लंबे समय से खेल युवक कल्याण विभाग में अटैच हैं, ये उस समय से अटैच हैं जब खेल युवा कल्याण विभाग में शासन ने खेल अधिकारी की पदस्थापना नहीं की थी। अब चूंकि खेल अधिकारी की पदस्थापना हो गई है, उसके बावजूद एनसीडीसी स्कूल के पीटीआई को कार्य मुक्त नहीं किया जा रहा है उसी तरह साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के पीटीआई को जिला शिक्षा विभाग में प्रभारी जिला खेल अधिकारी के पद पर अटैच किया गया है।

# आकाशीय बिजली ने बरपाया कहर
## निजी अस्पताल के उपकरण जले

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उतरदा रोड हरदीबाजार में रामकृष्ण अस्पताल संचालित है। अस्पताल के संचालक डॉ.विजय राठौर ने हरदीबाजार विधुत वितरण केंद्र में लिखित शिकायत की है गुरुवार की दोपहर हुए मौसम खराब होने और आकाशीय बिजली गिरने से अस्पताल के सामने लगे 33 केवी विद्युत पोल के ऊपर लगे इन्सुलेटर भ्रर्स्ट होकर ज़मीन पर गिर गया और पूरा हाई वोल्टेज करंट पोल के साथ इसी 33केवी खंभे में लगे पोल से प्रवाहित होकर सर्विस कनेक्शन से पूरे अस्पताल व घर पर फ़ैल गया। इस घटना से जहां एसी, कूलर, सिलिंग फेन, फ्रीज, लैपटॉप, प्रिंटर्स सहित अन्य अस्पताल में संचालित विद्युत उपकरण जलकर भ्रष्ट हो गये। जिससे अस्पताल संचालक को लाखों का नुकसान हुआ है। वहीं इस घटना की जानकारी हरदीबाजार जेई दीपका जीई, कोरबा डीई बी बी नेताम को दिया गया है। साथ ही 33 केवी खंभे से अलग कर सर्विस कनेक्शन लगाने की मांग की है।

**खास बात**

- हाई वोल्टेज से रामकृष्ण अस्पताल में लगे सभी विद्युत उपकरण हुए खराब

### दी गई है जानकारी

घटना की जानकारी अस्पताल के संचालक द्वारा आफिस आकर दी गई है। जाकर देखने पर ही वास्तविक स्थिति पता चलेगी, मैं अभी नहीं गई हूं।

**- सलोमी टोप्पो**
जेई, हरदीबाजार विद्युत वितरण केंद्र

### जमीन में सोए मासूम को जहरीले सर्प ने डसा, मौत



**कोरबा।** बारिश की पहली फुहार के साथ ही जमीन के भीतर रहने वाले जीव जंतु बाहर आने लगे हैं और लोगों को अपना निशाना बनाने लगे हैं। जमीन पर सो रहे एक 11 साल के मासूम को एक जहरीले सर्प ने डस लिया। जब परिजनों को इसकी भनक लगी तो उसे उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई है। मामला रजगामार चौकी क्षेत्र का है। यहां रहने वाले राजेंद्र प्रजापति का 11 वर्ष से पुत्र लोमस प्रजापति बीती रात अपने परिजनों के साथ जमीन पर सोया हुआ था इस दौरान देर रात लगभग 2 बजे किसी जहरीले सर्प ने लोमस प्रजापति के हाथ व कलाई को डस लिया। सांप के डसते ही लोमस नींद से जाग उठा और इसकी जानकारी अपने माता-पिता को दी। देर रात को ही उसे उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह लोमस की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### सर्पदंश से गंभीर युवक व महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** अलग-अलग घटनाओं में सर्पदंश से गंभीर हुए युवक व महिला की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम डीगनगर निवासी संदीप आ. बिरबल (16 वर्ष) बीती रात बड़े भाई अजीत के साथ कमरे में जमीन पर सो रहे थे। इसी दौरान रात 1 बजे संदीप को जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के काटने की बात संदीप ने भाई को बताया। अजीत ने मोबाइल टार्च जला कर देखा तो बिस्तर के पास करैत सांप था। परिजन संदीप को तत्काल राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम बम्बा निवासी सन कुंवर सिदार पति धन सिंह सिदार (40 वर्ष) 6 जून की रात कमरे में सो रही थी। इसी दौरान शरीर में कुछ काटने पर उठी और पति को बताई।

# गर्भवती महिला की बिगड़ी तबीयत, जच्चा बच्चा की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

9 महीने की गर्भवती महिला की बार-बार तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंच रहे थे कि बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मार्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला करतला थाना क्षेत्र के ग्राम केराकछार की है। यहां निवासरत श्याम सुंदर केवट की 28 वर्ष की पत्नी संतोषी केवट 9 महीने की गर्भवती थी। बताया जाता है कि शुक्रवार को संतोषी केवट का बीपी बढ़ गया और उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी। जिसके बाद आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंच रहे थे कि बीच रास्ते में ही संतोषी केवट की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक संतोषी केवट की तबियत पिछले कुछ महीनो से खराब थी और बीपी और सांस लेने में उसे तकलीफ हो रही थी। 17 जून को इसी समस्या को लेकर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां 18 जून को स्वस्थ होने पर उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। इस बीच फिर से संतोषी केवट की तबीयत शुक्रवार को बिगड़ने लगी जब परिजनों को पता चला तो उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया जिससे जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई है।

# ग्रामीण के ठिकाने पर आबकारी का छापा
## देशी विदेशी सहित 53 लीटर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अवैध शराब बनाने बेचने वालों के खिलाफ आबकारी अमले की टीम भी मुहीम चला रही है जहां बांगो क्षेत्र में दबिश देकर ग्रामीण के कब्जे से देशी विदेशी शराब की खेप के साथ 45 लीटर महुआ शराब जप्त करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ धारा - 34(1)(क)( ख), 34(2) , 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बक्शी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को मुखबिर से प्राप्त सूचना मिली थी कि बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम रिगनिया में अवैध शराब का गोरखधंधा संचालित किया जा रहा है। सूचना पर आबकारी अमले की टीम ने ग्राम रिगनिया निवासी बरनलाल 29 वर्ष पिता रामधन के घर में दबिश दी जहां उसके कब्जे से 35 नग देशी प्लेन रोमियो ब्रांड, 11 नग सी.जी. फाइन व्हिस्की और 45 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कुल 53.28 लीटर शराब बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)(ख)34(2) 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर लेकर जेल दाखिल कराया गया। उपरोक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक आशीष उप्पल, आबकारी मुख्य आरक्षक अजय तिवारी, राजीव जायसवाल, आबकारी आरक्षक दशराम सिदार, सुरेश यादव,नगर सैनिक कुंदन चंद्रा एवं महिला नगर सैनिक अंबिका का सराहनीय योगदान रहा।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव से बातचीत

# प्रत्यक्ष चुनाव का निर्णय सरकार के पास विचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अरुण साव।

जिले के प्रभारी और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने इस बात की संभावना जताई है कि इस वर्ष के अंत में होने वाले नगरीय निकाय चुनावों में प्रमुख पदों का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से हो सकता हैं। फिलहाल वार्डों के परिसीमन की प्रक्रिया चल रही है। इस विषय पर अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री के स्तर पर होना है।

विश्व योग दिवस पर आयोजित समारोह में शामिल होने कोरबा पहुंचे उपमुख्यमंत्री ने मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में इस आशय की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने निकाय की प्रणाली अपने हिसाब से बदल दी थी, जबकि राज्य गठन के बाद से यह निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से हो रहा था। उप मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि कैबिनेट के सदस्य और रायपुर से सांसद निर्वाचित बृजमोहन अग्रवाल ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है जो फिलहाल स्वीकृत नहीं हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि मंत्रीमंडल के पुनर्गठन के बारे में केंद्रीय स्तर के नेताओं के साथ मुख्यमंत्री विचार-विमर्श करेंगे और इस बारे में आवश्यक निर्णय लेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य और केंद्र की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के साथ-साथ प्रदेश के कोने-कोने में इनका लाभ कैसे मिले इसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। पारदर्शिता और निष्ठा के साथ कामकाज संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, कार्यों की निगरानी की जा रही हैं। नगर निगम में दो अधिकारियों एसीबी द्वारा पकड़े जाने के सवाल पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि भ्रष्टाचार भी कार्य कर रही है। जीरो टालरेंस लक्ष्य है और वहीं दूसरी ओर एसीबी भी अपने स्तर पर शासकीय विभागों में भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायतों पर कार्यवाही कर रही है। प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली गई है, जिसमें शिक्षा विभाग और प्रधानमंत्री आवास की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। स्कूलों की स्थिति सुधारने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को कहा गया है कि जो भी योजनाएं अधूरी है उनकी जानकारी ली गई जहां फंड की कमी है उनके लिए राशि जारी की जाएगी ताकि विकास कार्यों का कोई अवरोध न उत्पन्न हो।

### ऑटो पलटने से गंभीर ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** ऑटो के पटलने से सवार ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चरचा सरडी निवासी ओम प्रकाश आ. रामचरण (45 वर्ष) गुरूवार को गांव के ही मोती राजवाड़े के साथ उसके ऑटो में बांस बल्ली लोड कर पण्डोपारा पहुंचाने जा रहे थे। जैसे ही चालक ग्राम जमनीपारा के समीप पहुंचा तभी ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में सवार ओम प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई।

### सूने मकान में चोरों का धावा, हजारों का माल पार

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमीपाली आदर्श नगर निवासी ताम्रध्वज सोनवानी उम्र 39 वर्ष पिता विशेलाल सोनवानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वार्ड क्रमांक 5 सेमीपाली आदर्श नगर बालाजी पेट्रोल पंप के पीछे उरगा में गेंदराम सारथी के मकान में किराये में निवास करता है। 19 जून की सुबह 7.30 बजे ताम्रध्वज सोनवानी अपने परिवार सहित रायपुर चला गया था। इस दौरान उसके सूने आवास का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने आलमारी में रखे 2 नग सोने की चेन, 1 नग सोने का झुमका, 4 नग पायल बैंगनी रंग का पर्स जिसमें 2 हजार रूपये सहित हजारों का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

21 korba-pg2-new_Layout 1 6/22/2024 12:16 AM Page 1





# 'उसने मेरी जिंदगी बदल दी' : करण

**नई दिल्ली।** करण सिंह ग्रोवर बॉलीवुड में आने से पहले टीवी की दुनिया के चहेते सितारे थे। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत सुपरहिट टीवी सीरियल 'दिल मिल गए'से किया था। इसके बाद 'कबूल है'जैसे हिट शो में काम कर दर्शकों पर छा गए थे। उन्होंने अपने करियर में तीन बार शादी रचाई है। उनकी तीसरी शादी बिपाशा बसु संग हुई है। 2016 में इन्होंने धूमधाम से शादी की और आज कपल एक बेटी 'देवी' के माता-पिता हैं। अब शादी और पिता बनने के बाद करण ने अपनी लाइफ को लेकर बातें की। उन्होंने बताया कि बिपाशा ने उनकी लाइफ बदल दी। वह इसके लिए उनके शुक्रगुजार हैं।

लाइफ Style



# स्वरा
## छलका दर्द: 'मैं अछूत हूं...वे डरते हैं'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वरा भास्कर का कहना है कि वह फैंस के लिए बेबाक हैं, उनका दिल काफी साफ सुधरा है। लेकिन बॉलीवुड उन्हें 'अछूत' मानता है। जब वह अपने मन की बात करती हैं तो उन्हें उसका भारी खमियाजा भी भुगतना पड़ता है। उनके हाथ में आए प्रोजेक्ट उनके हाथ से छीन लिया जाता है। उनका नाम सुनते ही स्टूडियो वाले फिल्मों में लेने से मना कर देते हैं।

हाल ही में स्वरा भास्कर ने कहा कि उनका ट्विटर अकाउंट एक्स उनके लिए सबसे महंगी चीज़ है, क्योंकि इसकी वजह से उनका करियर बर्बाद हो गया। उनका कहना है कि अब फिल्म इंडस्ट्री में कोई भी उन्हें कास्ट नहीं करना चाहता। विवाद के डर से, भले ही वे ' स्वरा भास्कर जैसी अदाकारा' चाहते हों। उन्होंने यह भी बताया कि उनके चाहने वालों का मानना है कि 'उन्होंने खुद ही अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार ली' और अपना करियर 'तबाह' कर लिया। स्वरा ने कहा कि जब लोग उन्हें सड़कों पर रोकते हैं या एयरपोर्ट पर उनसे बात करते हैं तो बहुत से लोग उनका समर्थन करते हैं और वह उस समर्थन से ताकत पाती हैं। हालांकि बहुत से लोग हैं, जिनमें से कुछ उनके शुभचिंतक भी हैं, जो महसूस करते हैं कि उन्होंने खुद ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। स्वरा आगे कहती हैं- बहुत से लोग हैं जो कहते रहते हैं कि 'तुमने गलत काम किया है, तुमने अपना करियर बर्बाद कर लिया, तुमने ऐसा क्यों किया? यह तुम्हारी बहुत बड़ी बेवकूफी थी', जिसमें आपकी अपनी टीम भी शामिल होती है। जो लोग आपसे प्यार करते हैं और वे चिंता की जगह से आते हैं। वे आपके शुभचिंतक हैं इसलिए उन्हें आपको देखकर बुरा लग रहा है।

## हॉलीवुड मसाला



# थिएटर में शो के दौरान गिरे

**लॉस एंजिलिस।** इयान मैकेलेन को हॉलीवुड के प्रॉमिनेंट एक्टर्स में से गिना जाता है। वे 6 दशक से फिल्में कर रहे हैं। हाल ही में एक थिएटर में प्ले के दौरान एक्टर स्टेज पर गिर गए जिसके बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया और शो को बीच में ही बंद कर दिया गया। एक्टर 85 साल के हैं और फिलहाल उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। एक्टर की हेल्थ को लेकर अपडेट भी आ गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर थिएटर में एक फाइट सीन कर रहे थे।



# अमेरिका में रिलीज होगी 'मेगालोपोलिस'

**लॉस एंजिलिस।** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लायंसगेट और फिल्म की निर्माता कंपनी के बीच यह वितरण सौदा हुआ है। निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला ही इस फिल्म के निर्माता भी हैं। फिल्म अमेरिकन जोएट्रोप के बैनर तले बनी है। दिलचस्प बात यह है कि लायंसगेट की एक और फिल्म उसी दिन रिलीज होने वाली है। इस हॉरर फिल्म का नाम नेवर लेट गो है। वहीं, यूनिवर्सल द वाइल्ट रोबोट और पैरामाउंट इंटरस्टेलर की दसवीं सालगिरह पर इसे दोबारा रिलीज करने जा रही है। स्टूडियो पहले से ही कोपोला के अमेरिकन जोएट्रोप बैनर के साथ व्यापारिक रिश्ते रहे हैं। स्टूडियो ने फिल्मकार की कई फिल्मों के डायरेक्टर्स कट जैसे एपोकैलिप्स नाउ फाइनल कट, द कन्वर्सेशन, द कॉटन क्लब एनकोर, टकरः द मैन एंड हिज ड्रीम, और वन फ्रॉम द हार्टः रिप्राइज को रिलीज किया है।



# अजीज दोस्त ने किया था हेरीफेरी...

**नई दिल्ली।** मार्च 2022 में रिमी सेन ने अपने दोस्त रौनक व्यास के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया था, जिसमें उन पर 4.14 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। उस समय दायर किए गए कागजात के अनुसार, जतिन व्यास ने रिमी को एलईडी लाइटिंग से जुड़ी अपनी नई फर्म में निवेश करने पर काफी मुनाफा देने का वादा किया था। जब जतिन ने उनकी कॉल का जवाब देना बंद कर दिया और पैसे वापस करने से इनकार कर दिया, तब अभिनेत्री को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है। एक इंटरव्यू में रिमी कहा, 'वह एक ठग है। वह किसी शहर में जाकर बस जाएगा और लोढ़ा जैसे बिल्डर की आलीशान रिहायशी सोसायटी में फ्लैट किराए पर लेगा। वह एक शानदार कार खरीदेगा और कुलीन क्लबों और जिम का सदस्य बन जाएगा।



# 175 दिन बाद सेट पर लौटे वरुण तेज

**मुंबई।** अभिनेता वरुण तेज एक बार फिर से फिल्म के सेट पर लौट आए हैं और अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी खुद वरुण ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी है। उनकी नई फिल्म का नाम 'मटका' है, जिसका निर्देशन करुणा कुमार कर रहे हैं। वरुण तेज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक फोटो साझा किया है, जिसमें एक शख्स अपने हाथ में पुराने जमाने का एक टेलीफोन पकड़कर खड़ा हुआ है। इसे शेयर करते हुए वरुण तेज ने कैप्शन में लिखा, '175 दिनों के बाद नई ऊर्जा और आकांक्षाओं के साथ सेट पर वापस आ गया हूं। 'मटका' के रेट्रो जादू को जीवंत करने के लिए तैयार हूं!' 'मटका' फिल्म की कास्ट की बात करें तो इसमें वरुण तेज के साथ-साथ मीनाक्षी चौधरी और नोरा फतेही भी अभिनय करती हुई दिखाई देंगी।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से एक और एक्टर होने जा रहा बाहर

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो का हर किरदार घर-घर फेमस है। इस शो को काफी पसंद भी किया जाता है और सालों से यह शो टीवी पर सबका दिल जीत रहा है। हालांकि पिछले कुछ समय से कई पुराने एक्टर्स इस शो को छोड़कर चले गए हैं। शो में टप्पू तो 2 बार बदल ही चुका है, लेकिन अब इस टप्पू सेना के एक और एक्टर के शो छोड़ने की खबर आ रही है जिसे सुनकर फैंस को बड़ा झटका लगेगा। दरअसल, यहां जिसकी बात हो रही है वो है गोली। गोली का किरदार कुश शाह निभा रहे हैं। अब हाल ही में एक फैन ने कुश के साथ फोटो शेयर की सोशल मीडिया पर। फोटो शेयर कर फैन ने बताया कि वह कुश को न्यू यॉर्क में मिला। फैन ने बताया कि कुश ने उन्हें बताया कि उन्होंने शो छोड़ दिया है और न्यू यॉर्क में अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद फैंस काफी दुखी हो गए हैं। कोई कमेंट कर रहा है कि गोली को बचपन से देख रहे हैं इस शो में और यहां उसे बड़ा होते हुए देखा है, अगर वह भी चला जाएगा तो मजा नहीं आएगा। कुश का इस शो से जाना सच है कि नहीं यह बात तो खुद कुश और शो के प्रोड्यूसर ही बता सकते हैं।

# कल्पना से परे, रहस्य से घिरा हुआ है इस बार 'बिग बॉस' का सेट...

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' की धमाकेदार शुरुआत होने वाली है। इस बार सब बदल जाएगा। शो के होस्ट अनिल कपूर हैं और उन्होंने शो में अब तक का सबसे दमदार मजा देने का वादा किया है, जिसके लिए प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शो 21 जून को जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है, लेकिन उससे पहले प्रशंसकों के लिए खास तोहफा है। 'बिग बॉस ओटीटी 3' के सेट की झलक फैंस को दिखाई गई है, जो बेहद शानदार और हर बार से ज्यादा भव्य है।



# सोनाक्षी की शादी के जश्न में 'मामा' संग हंसते दिखे शत्रुघ्न

**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के संग शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 23 जून वे मुंबई में शादी करेंगी। इसके साथ ही अटकलें लगाई जा रही हैं कि होने वाली इस शादी में उनके पिता शत्रुघ्न सिन्हा शामिल नहीं होंगे। इतना ही सिन्हा फैमिली से कोई सदस्य इस शादी का हिस्सा नहीं बनेगा।



हालांकि, इन खबरों को खारिज करते हुए सोनाक्षी के 'मामा' पहलाज निल्हानी कहा कि वे अपनी लाडली की शादी में जरूर शामिल होंगे। लगता है कि पहलाज निल्हानी की ये बातें सच साबित हो गई हैं। सोशल मीडिया के जरिए शत्रुघ्न सिन्हा की एक फोटो सामने आई है, जिसमें वे सोनाक्षी के 'मामा'के संग मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसे में अटकलें लगाई जा रही हैं कि शत्रुघ्न सिन्हा हल्दी कार्यक्रम में मेहमानों के बीच शामिल रहे. फोटो में शत्रुघ्न ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आ रहे हैं। इस फोटो को भारतीय एस प्रधान ने अपने ट्विटर पर शेयर की हैं। उन्होंने इस फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है- दुल्हन के पिता के साथ शत्रुघ्न सिन्हा, और सोनाक्षी के 'मामा' पहलाज निल्हानी से थोड़ी देर पर पहले चैंबर पर मुलाकात हुई। फोटो के आखिरी लाइन में उन्होंने लिखा 'सिन्हा परिवार में जश्न का समय है!' सोनाक्षी-जहिर इकबाल की शादी तैयारियों और विवादों के बीच शत्रुघ्न सिन्हा को पहली बार मुस्कुराते हुए देखा गया है। फोटो में शत्रुघ्न का लुक काफी शानदार दिख रहा है।

# मिर्जापुर 3 का ट्रेलर जारी, दिखेगी छल-कपट की झलक

**मुंबई।** अमेजन प्राइम वीडियो की चर्चित वेब सीरीज 'मिर्जापुर' को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। इस शो में नजर आए सभी किरदारों को पसंद करने वाले फैंस की अपनी एक अलग सूची है। फैंस लंबे वक्त से इसके तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे थे। हाल में ही इसके तीसरे सीजन के रिलीज डेट की घोषणा की गई थी, जिसमें बताया गया था कि इसे 5 जुलाई 2024 को रिलीज किया जाएगा। अब सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। मिर्जापुर 3 के ट्रेलर को देख दर्शकों को वापस से पुरानी वाइब मिल रही है। ट्रेलर के जबर्दस्त डायलॉग सुन आप सीरीज देखने के लिए और ज्यादा उत्साहित हो जाएंगे। पिछले सीजन के क्लाइमैक्स के बाद तीसरा




सीजन उसी कहानी को आगे बढ़ाएगी। पूर्वांचल के अपराध और सत्ता पाने की लालच में सीरीज के सारे कलाकार एक-दूसरे के साथ खून खराबा करते नजर आ रहे हैं।

***सोशल मीडिया पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया :*** सीरीज में गुड्डू पंडित यानी कि अली फजल का डायलॉग लोगों को बताने का, कालीन भैया गॉन और गुड्डू पंडित ऑन। दर्शकों की विशेष सराहना बटोर रहा है। मिर्जापुर की गद्दी पाने की लड़ाई में गुड्डू पंडित कालीन भैया पर भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, 'मिर्जापुर 3 के ट्रेलर को देख अब सीरीज देखने की चाह बढ़ गई है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'गुड्डू पंडित का भौकाल कायम है। अब कालीन भैया का पलटवार देखने के लिए उत्साहित हूं।'

### इन कलाकारों से सजी है मिर्जापुर 3

'मिर्जापुर' सीरीज में कई नामचीन कलाकार नजर आए हैं। सीरीज में पंकज त्रिपाठी को 'कालीन भैय्या' और अली फजल को 'गुड्डू पंडित' की भूमिका में काफी पसंद किया गया है। इनके अलावा दिव्येंदु शर्मा भी 'मुन्ना त्रिपाठी' के किरदार में सीरीज के पहले दो सीजन के लिए काफी महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुए थे। इन कलाकारों के अलावा इस सीजन में श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुगल, हर्षिता गौर, विजय वर्मा, अंजुम शर्मा, शीबा चड्ढा ,राजेश तैलंग आदि भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## लिस्ट में शाहिद कपूर की दो मूवीज भी शामिल

# शराब और नशे की लत को दर्शाती हैं ये हिंदी फिल्में

***मुंबई।*** *हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के फिल्मकार समाज की अच्छी और बुरी चीजों को अक्सर अपनी फिल्मों के जरिए लोगों के सामने पेश करते हैं। मौजूदा समय में देश में बड़ी संख्या में युवा नशे के आदि बनते जा रहे हैं। बॉलीवुड में भी युवाओं की इस कठोर वास्तविकता को फिल्मों के माध्यम से कई बार दिखाया जा चुका है। आइए ऐसी फिल्मों के बारे में जानते हैं जो इस विषय को सटीक रूप से चित्रित करती हैं।*



**उड़ता पंजाब :** शाहिद कपूर की बेहतरीन फिल्मों में उड़ता पंजाब का नाम भी जरूर शामिल किया जाता है। फिल्म में उनके साथ दिलजीत दोसांझ, अलिया भट्ट और करीना कपूर खान ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। फिल्म का निर्देशन अभिषेक चौबे ने किया था। फिल्म में पंजाब के युवाओं में बढ़ते नशीली दवाओं की लत को दिखाने की कोशिश की गई थी। यह फिल्म दर्शकों को खूब पसंद आई थी।

**फैशन :** मधुर भंडारकर के निर्देशन में बनी फिल्म फैशन को दर्शकों ने खूब सराहा था। फिल्म की कहानी फैशन मॉडलों की जिंदगी की कहानी बयां करती नजर आई थी। फैशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के नशीली दवाओं के दुरुपयोग और ओवरडोज जैसे नकारात्मक पहलुओं पर इस फिल्म के जरिए प्रकाश डालने की कोशिश की गई थी। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, कंगना रणौत और मुग्धा गोडसे ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई थीं। ओटीटी पर इसे नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।




**दम मारो दम :** दम मारो दम का निर्देशन रमेश सिप्पी ने किया था। यह फिल्म एक एक्शन थ्रिलर थी। इसकी कहानी ड्रग तस्करों और अंतरराष्ट्रीय अपराधियों की गिरफ्तारी और उसकी जांच पर केंद्रित थी। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु, राणा दग्गुबाती, आदित्य पंचोली, प्रतीक बब्बर और गोविंद नामदेव जैसे कलाकारों ने काम किया था।



**शैतान :** बिजॉय नाम्बियार के निर्देशन में बनी शैतान में राजीव खंडेलवाल, कल्कि केकलां, गुलशन देवैया, शिव पंडित, नील भूपालम, कीर्ति कुल्हारी, रजित कपूर, पवन मल्होत्रा और राजकुमार राव जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं। फिल्म की कहानी मादक पदार्थों के सेवन करने वालों के एक समूह की है जो एक हिट-एंड-रन दुर्घटना को छिपाने की कोशिश करते हुए आपराधिक गतिविधियों में उलझ जाते हैं। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।



**देव डी :** फिल्म देव डी को लोगों ने खूब पसंद किया था। फिल्म में अभय देओल, माही गिल और कल्कि केकलां मुख्य भूमिका में थे। अनुराग कश्यप के निर्देशित में बनी यह फिल्म बंगाली उपन्यास देवदास पर आधारित थी, जिसे नए अंदाज से लोगों के सामने पेश किया गया था। फिल्म में एक युवक को अपने बचपन के प्यार को खोने के बाद ड्रग्स और शराब की लत में पड़ते हुए दिखाया गया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो स्ट्रीम किया जा सकता है।



**कबीर सिंह :** इस लिस्ट में शाहिद कपूर की एक और फिल्म का नाम शामिल है। फिल्म कबीर सिंह ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी। संदीप रेड्डी वंगा ने निर्देशन में बनी इस फिल्म में एक युवक को अपनी प्रेमिका को खोने के बाद शराब का जमकर सेवन करते हुए दिखाया गया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

# निरोगी जीवन की जरूरत है योग, हर कोई रंगा योग के रंग में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि व विधायी कार्य, तथा नगरीय प्रशासन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में कोरबा नगरीय क्षेत्र के सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने विभिन्न मुद्राओं का योगाभ्यास कर योग से होने वाले लाभ की जानकारी दी एवं सभी से योग को अपने दैनिक जीवन मे अपनाने का आग्रह किया।

अलग खबर

इस अवसर पर विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, महापौर नगर निगम राजकिशोर प्रसाद, सचिव नगरीय प्रशासन एस बसवा राजू, कलेक्टर अजीत वसंत, संचालक नगरीय प्रशासन कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, वनमण्डलाधिकारी कोरबा अरविंद पीएम, डीएफओ कटघोरा कुमार निशांत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबित मिश्रा, निगमायुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, जोगेश लाम्बा, हिनानंद अग्रवाल सहित अन्य

### उप मुख्यमंत्री के आतिथ्य में सामूहिक योग कार्यक्रम



जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छता दीदी एवं बड़ी संख्या में नगरवासियों ने सामूहिक योग कार्यक्रम में हिस्सा लेकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शरीर व मन को स्वस्थ रखने के लिए योग ही सर्वोत्तम उपाय है। उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है। उन्होंने योग को विश्व के शिखर तक पहुँचाया है। आज पूरा विश्व योग कर रहा है । इस साल हम दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। योग हमारे प्राचीन परंपरा और संस्कृति का अटूट हिस्सा रहा है। योग से मनुष्य का मन व तन दोनों स्वस्थ रहता है, और स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। आधुनिक जीवन शैली और बदलते खानपान के समय में अच्छी सेहत की चुनौती से निपटने में योग एक कारगर उपाय के रूप में पूरी दुनिया में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इस हेतु हमें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। विधायक कटघोरा श्री पटेल ने कहा कि प्रतिदिन योग करने से हमारा शरीर हमेशा स्वस्थ रहता है, मन में सकारात्मक ऊर्जा का नियमित प्रवाह होता है। कलेक्टर अजीत वसंत ने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग की महत्ता से सभी भली भांति परिचित है। स्वस्थ जीवन मे योग का अमूल्य योगदान है। योग अपने शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा माध्यम है।

## खबर संक्षेप




### एके गुरुकुल कॉलेज में मनाया गया विश्व योग दिवस

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एके गुरुकुल कॉलेज एवं रानी लक्ष्मी बाई हायर सेकेंडरी स्कूल ढेलवाडीह में योग दिवस का आयोजन किया गया। अक्षय कुमार दुबे डायरेक्टर की गरिमा में उपस्थिति में पूरे स्टाफ एवं विद्यार्थीयो के साथ योग सम्पन हुआ। जिसमें श्री दुबे के द्वारा बताया गया कि हर एक योग हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है।

### योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी की थीम पर हुआ योगाभ्यास



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रांत की कार्य योजना अनुसार कोरबा जिले में क्रीड़ा भारती कोरबा द्वारा सी एम ए किकबाक्सिंग एकेडमी डीडीएम रोड, ग्राम पंचायत नकटीखार, ग्राम तिलकेजा सहित विभिन्न स्थानों पर योग अभ्यास का आयोजन किया गया। क्रीड़ा भारती कोरबा के जिलाध्यक्ष बलराम विश्वकर्मा एवं प्रांत संपर्क प्रमुख तारकेश मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर क्रीड़ा केंद्र सी एम ए किकबाक्सिंग एकेडमी में 60 खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र नकटीखार के पंचायत परिसर में ग्रामीणों के मध्य योग का आयोजन किया गया, इसमे योग शिक्षिका बहन सरस्वती जी ने उपस्थित महिलाओं और बच्चों को योग क्रियाओं का अभ्यास कराया, ग्राम तिलकेजा में भी क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष बालगोविंद जायसवाल के द्वारा योगाभ्यास कराया गया।

### डीएवी खरमोरा में मना अंतराष्ट्रीय योग दिवस



विश्व अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य पर डीएवी मुख्यमंत्री खरमोरा में प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण तथा विद्यार्थियों द्वारा योग दिवस मनाया गया। योग दिवस की शुरुआत प्राचार्य हेमन्तो मुखर्जी द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विषय पर जानकारी देते हुए शुरू की गई। योग शिक्षक राजकुमार निषाद द्वारा विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को प्राणायाम तथा योगासन करवाया गया। सभी विद्यार्थियों तथा शिक्षको द्वारा योग दिवस के मौके पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया गया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एनटीपीसी में किया गया योगाभ्यास

# योग से शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य को मिलता है लाभ : खन्ना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

योग शब्द का अर्थ ही एकता है, जो मन, शरीर और आत्मा के बीच संबंध पर ज़ोर देता है। योग न केवल मानव मन और शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि योग एक ऐसी पद्धति भी है जिसके विभिन्न रूपों से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को अलग-अलग तरीकों से लाभ मिलता है। उक्त उद्गार 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राजीव खन्ना, परियोजना प्रमुख (कोरबा) ने व्यक्त किए। श्री खन्ना ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की शुरुआत भारत की ओर से की गई थी। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की शुरुआत सबसे पहले वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। जब संयुक्त राष्ट्र की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। योग प्रशिक्षक के रूप में संजय कुर्वंशी ने योग के विविध पहलुओं पर चर्चा करते हुए इसके महत्व के बारे में बताया और इसके उपरांत विभिन्न प्रकार के योग का अभ्यास करवाते हुए इसके लाभों से अवगत करवाया ।



योग करते अधिकारी कर्मचारी।

### योग से किसी भी रोग का इलाज संभव : खरे



शासकीय इंजीनियर विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, एनसीसी यूनिट और क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण के लिए योग थीम पर योग, आसान, प्राणायाम सत्र का आयोजन किया गया। भारत सरकार आयुष मंत्रालय के योग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मुख्य योग प्रशिक्षक डॉ. रजनी पांडेय, जनरल फिजिशियन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, समाजसेवी, आध्यात्मिक योग प्रशिक्षक ने कहा कि योग एक ऐसा अभ्यास है जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों को बेहतर बनाता है। इसका उद्देश्य शरीर, मन, आत्मा और सार्वभौमिक चेतना को एकजुट करना है। हमारे जीवन का सर्वांगीण विकास करना है। व्यक्तित्व को सुसंस्कृत व सुमन्नत यदि बनाया जा सकता है, तो वह योग विद्या से ही संभव है। संस्था प्राचार्य डॉ.साधना खरे ने कहा कि सभी बीमारियों का उपचार योग और स्वस्थ जीवनशैली में निहित है।

### बालको ने योग दिवस पर किया योगाभ्यास



बालको ने विश्व योग दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित किए। कंपनी के सामुदायिक विकास विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न योगाभ्यास शिविर में लगभग 700 लोगों ने हिस्सा लिया। योग में बालको के कर्मचारियों उनके परिवारजनों, व्यावसायिक साझेदारों तथा स्थानीय लोगों ने आयोजन में शिरकत की। कंपनी ने योग का शिविर के माध्यम से कवर्धा, मैनपाट और बालको के वेदांता स्किल स्कूल में योग शिविर का आयोजन कर युवाओं को योग के प्रति प्रोत्साहित किया। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा संचालित नंद घर के नन्हें बच्चों में योग की समझ विकसित करने के उद्देश्य 21 नंद घर में योग्याभ्यास का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देन के लिए संचालित आरोग्य परियोजना तथा माहवारी स्वास्थ्य एवं प्रबंधन के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने वाली नयी किरण परियोजना के अंतर्गत आयोजित विभिन्न योग शिविर में किशोर युवक और युवतियों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया। बालको मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने सभी को उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### न्यायालय परिसर में मनाया गया योग दिवस



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला न्यायालय परिसर कोरबा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर श्री सत्येन्द्र कुमार साहू प्रधान जिला न्यायाधीश कोरबा, श्री ओंकार प्रसाद गुप्ता प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कोरबा, श्री जयदीप गर्ग विशेष न्यायाधीश, (एस्ट्रोसिटी) एक्ट कोरबा, श्रीमती गरिमा शर्मा प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्री अश्वनी कुमार चतुर्वेदी तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, श्रीमती ज्योति अग्रवाल जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.), श्री विक्रम प्रताप चन्द्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी.(पाक्सो) कोरबा, श्री कृष्ण कुमार सूर्यवंशी द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, श्रीमती प्रतिक्षा अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, श्री मंजीत जांगड़े एवं श्रीमती ऋचा यादव, व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी, कोरबा, प्रशासनिक अधिकारी पी0के0 देवांगन, डा. विनोद भास्कर, न्यायालय प्रबंधक, उपाधीक्षक अनिल कुमार पटेल, दिनेश कुमार टेंगवार, अध्यक्ष, तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ कोरबा उपस्थित थे।

### भाजयुमो ने मनाया योग दिवस



भारतीय जनता युवा मोर्चा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजयुमो जिला कोरबा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को हमारे देश सहित अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग को आम लोगों तक पहुंचाया, जिससे व्यक्ति तन से मन से मजबूत हो सके। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अपने निवास अथवा किसी स्थान पर एकत्रित हो योगाभ्यास करें, कोरबा के गौ माता चौक उद्यान में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने योगाभ्यास किया। उक्त कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक डॉ नागेंद्र शर्मा, राजेश प्रजापति, भाजयुमो जिला प्रभारी राहुल शर्राफ, अ.जा मोर्चा अध्यक्ष सरजू अजय, महिला मोर्चा अध्यक्ष वैशाली रत्नपारखी, बृजेश यादव, दिनेश तिवारी, राजा यादव, राजेश लहरे, ईश्वर पटेल, रामावतार पटेल, दीनदयाल पटेल सहित साथी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एचटीपीपी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन



रवीन्द्र सांस्कृतिक भवन हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में योग दिवस पर कार्यपालक निदेशक(उत्पा.) संजय शर्मा के सानिध्य एवं मार्गदर्शन तथा अति. मुख्य अभियंता पी.के स्वेन, एमके गुप्ता, सुधीर कुमार पंड्या, संकल्प महिला मंडल, कोरबा पश्चिम की अध्यक्षा निहारिका शर्मा की उपस्थिति में एक दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें संयंत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्हें योग प्रशिक्षिका शशिकला देशमुख द्वारा ध्यान, प्राणायाम के साथ योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया।

### जिला चिकित्सालय में किया गया योगाभ्यास



जिला चिकित्सालय के परिसर में योग अभ्यास का आयोजन हुआ। इस मौके पर संस्था प्रमुख डॉ.गोपाल कंवर संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक, डॉ रविकांत जाटवार सहायक अस्पताल अधीक्षक डॉ. यू एस कोंडापुरकर आर्थोपेडिक सर्जन, डॉ घनश्याम दीवान आर्थोपेडिक सर्जन, डॉ.भोजराम साहू फॉरेंसिक विभाग, श्रीमती राधा राठिया, श्रीमती कविता कोशले मेट्रन एवं चिकित्सालय के सभी कर्मचारी गण की उपस्थिति थे।। डॉ.कंवर ने कहा कि हमें बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए।

### पूर्व राजस्व मंत्री ने किया योगाभ्यास

पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने योग दिवस पर अपने निवास स्थल पर योग के विभिन्न आसानों का योगाभ्यास किया। योगाभ्यास श्री अग्रवाल के दिनचर्या में भी शामिल है। श्री अग्रवाल कई वर्षों से प्रतिदिन प्रातः 1 घंटा योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया।



### केवी एनटीपीसी में मना योग दिवस




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2, एनटीपीसी में योग दिवस का आयोजन किया गया। प्रातः कालीन सभा के दौरान विद्यालय प्राचार्य एसके साहू के निर्देशानुसार योग का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल कुमार देशमुख एवं श्रीमती शशि देशमुख रहे। प्राचार्य ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। योग शिक्षिका अनीशा देशमुख ने विभिन्न योगासनों जैसे कटि चक्रासन, पर्वतासन, नाड़ी शोधन प्राणायाम, भ्रमरी प्राणायाम, गर्दन, कंधों, कमर आदि से संबंधित योगासनों को करते हुए निर्देश के साथ उनसे होने वाले लाभ के विषय में बताया । कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्राचार्य श्री साहू ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिदिन स्वयं के स्वास्थ्य पर समय देने के लिए जागरुक एवं प्रेरित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि अनिल देशमुख ने योग के इतिहास को बताते हुए कहा कि पूर्व वैदिक काल से इसका प्रारंभ हुआ है और महर्षि पतंजलि द्वारा योग के प्रसार और उनके योग शास्त्र पर प्रकाश डाला।

### योग से मिलता है स्वास्थ्य लाभः राजकिशोर




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र द्वारा अशोक वाटिका में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद तथा स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी रूक्मणी दीदी तथा सहप्रभारी ब्रह्माकुमारी बिन्दू दीदी उपस्थित थी। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि हम आंतरिक व बौद्धिक रूप से परमपिता शिव परमात्मा से जुड़े हुए है। साथ ही आसन, प्राणायाम, कर लंबे समय तक शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखना भी अत्यंत जरूरी है, क्योकि शरीर मंदिर समान है। इस अवसर पर बीके बिंदू दीदी तथा योगाचार्य रामनाथ सोनी, श्याम राव एवं सीपेट के टेक्निकल मैनेजर राजीव कुमार लिल्हरे, असिस्टेंट टेकनिकल ऑफिसर अक्षय खातोड उपस्थित थे। संस्थान में ब्रह्माकुमारी बिंदू दीदी ने मेडिटेशन कराया। योगाचार्य रामनाथ सोनी ने संस्थान के कर्मचारियों को योगा का महत्व बताते हुए आसन, प्राणयाम सिखाया। संस्थान द्वारा ब्रह्माकुमारी बहनो को मोमेंटो भेंट किया गया।

पृष्ठ 1 का शेष

### हर बारिश में..

के आवास संवारने के लिए शासन ने राशि की स्वीकृति अब तक नहीं दी है। विभागीय कर्मचारियों के दिन तो ग्रीष्म में जैसे- तैसे कट जाती है, बारिश आते ही आफत की जिंदगी बितानी पड़ती है। परिसर के सभी आवासों में सिपेज है। इससे बचने के लिए 120 में से 70 से भी अधिक आवास के छत को पालिथीन से ढंका गया है। वर्षों हो रहे सिपेज के कारण दीवारें ढहने का भी भय बना रहता है। कर्मचारियों का कहना है कि आवास के जीर्णोद्धार के लिए शासन से विगत कई वर्षों से मद की स्वीकृति मांगी जा रही है। कर्मचारी संघों की मानें तो राशि की स्वीकृति नहीं होने से मरम्मत का कार्य अटका पड़ा है।

Recognized by Indian Nursing Council & C.G. Nurses Registration Council

NURSING EDUCATION



P.B.B.Sc. Nursing
2 Years Course

100% CAMPUS PLACEMENT

B.Sc. Nursing
4 Years Course

G.N.M. Nursing
3 Years Course

RASTOGI COLLEGE OF NURSING
Affiliated by Pt. D.D. U. M. Health Sciences & Ayush University, Raipur
MODEL TOWN, NEHRU NAGAR (E), BHILAI (C.G.)
www.rastoginursing.com rcnbli@rastoginursing.com
✆ 9300558900, 9300509100

TOP IN KORBA

अपना फार्मेसी
डॉक्टर सेवा उपलब्ध
डॉ.प्रियंका गोयल
MBBS, DGO Gold Medalist
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गर्भाशय की कैंसर, गर्भनिरोधक परामर्श एवं अन्य स्त्री रोगों की परामर्श एवं ईलाज
सोम से शनि शाम 4 से 6 बजे तक
डॉ.बी.के. झलरिया
MBBS
फैमिली एवं जनरल फिजिशियन
मधुमेह, रक्तचाप, दमा, बुखार, शारीरिक कमजोरी एवं अन्य सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
सोम से शनि शाम 5 से 7 बजे तक
डॉ.स्नेहा चंद्रा
B.A.M.S.
प्रातः 9.30 से 2.00 बजे तक
सर्दी, खांसी, बुखार, श्वांस रोग, चर्म रोग, सफेद दाग, नसों व जोड़ों में दर्ज, मधुमेह, शिशु रोग का उपचार
सुभाष चौक के पास निहारिका, कोरबा
मो.9340230710

TEXMO

अग्रवाल एजेंसी
कोरबा, कटघोरा
99263 62800
98930 06380

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, M.Com Msc व PET NEET, JEE की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

एनटीपीसी NTPC
GEM
कोरबा KORBA



- NTPC Korba organized the 1st GEM workshop in 2018, marking the genesis of an unyielding commitment to empowering young girls.
- This visionary program is a commitment to the upliftment of society, and it is fulfilling the dreams of 10104 girls across India and 492 girls at Korba since its beginning.
- Fifth year since inception, NTPC Korba has again launched the latest edition of Girl Empowerment Mission (GEM) 2024, its flagship Corporate Social Responsi-bility initiative.
- The program aligns with the Government of India's **Beti Bachao, Beti Padhao** initiative and aims to tackle gender inequality by nurturing girls' imaginations and fostering their ability to explore opportunities. GEM does this through a 1-month workshop for young girls during summer holidays, by offering them a platform for their all-round upliftment and development.
- In GEM 2024, 126 girls are reinforcing their commitment to their educational and personal growth to and be a better person in the world and march forward to strive for success and happiness the girls make a difference.



Giving Wings to dreams of Girls of Korba

GEM Workshop conducted for girls of 40 School | Spread across 36 villages and wards | fulfilling the Dreams of 492 girls since inception

NTPC Limited
(Government of India undertaking)
Korba Super Thermal Power Plant
Vikas Bhawan, P.O. Jamnipali, District Korba (CG)
Pioneer in the power sector
Follow us on : /ntpc1 /ntpcltd1 /ntpclimited /company/ntpc /ntpclimited

21 korba-pg4_Layout 1 6/22/2024 12:11 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त जारी करने एवं कृषकों को ऑनलाईन अभिभाषण कार्यक्रम का आयोजन कटघोरा के कृषि विज्ञान केन्द्र में किया गया। किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त के तहत 9.26 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि सौगात के रूप में सीधे कृषकों के बैंक खाते में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा अंतरित किया गया। कृषि पैरा विस्तार कार्यकर्ता के रूप में कृषि सखी का प्रमाणीकरण कर इस योजना का क्रियान्वयन निम्नवर्गीय कृषकों के हित को ध्यान में रखकर किया गया है। अब तक लगभग 11 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे 3.03 लाख करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित की गई है। जिससे महिला कृषकों को अपनी छोटी-मोटी आवश्यकताओं के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की आवष्यकता नहीं पड़ रही एवं वे आर्थिक रूप से उन्नत हो रहे हैं। योजना के द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाना एवं छोटे किसानों को आर्थिक सहायता, महिला सशक्तिकरण एवं उन्हे लखपति बनाना जैसी अनेक योजनाओं का संचालन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किया जा रहा है तथा उनके द्वारा किये गये प्रयास कृषि के क्षेत्र में सराहनीय है, जिसका लाभ वर्तमान में किसानों को मिल रहा है। कार्यक्रम का आयोजन कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद्र पटेल के मुख्य अतिथ्य में किया गया।

### पहले ही बारिश में भिलाई बाजार मेंन रोड चौक में पानी का हुआ भराव



**हरदीबाजार।** कटघोरा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत भिलाईबाजार के सरपंच सचिव के लापरवाही का पोल खुली। बारिश शुरू होते ही पहले ही बारिश में भिलाई बाजार मेन रोड चौक के पास नाली जाम होने से सड़कों पर पानी का जमावड़ा भर गया है। जिस कारण आसपास के रहवासियों के घरों ब दुकानों में पानी का भरा हो गया है, जिस कारण व्यापारियों का समान पूरी तरह से पानी में भीग गया है। इससे साफ नजर आता है कि ग्राम पंचायत सरपंच सचिव किस कदर काम किया जा रहा है, जबकि शासन के द्वारा मूलभूत सुविधा के लिए 15वें वित्त की राशि हर वर्ष दिया जाता है। इसके बावजूद साफ-सफाई में ध्यान नहीं देना पंचायत की लापरवाही सामने आ रहा है। आसपास के लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव किसी प्रकार की साफ सफाई में ध्यान नहीं दिया जाता है, अभी तक की नाली के साफ सफाई नहीं हुआ है।

### आज रहेंगी शराब दुकानें बंद

**कोरबा।** प्रदेश सहित जिले में 22 जून को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। शनिवार को कबीर जयंती होने के अवसर पर इस दिन प्रदेश सहित जिले में शराब दुकानें बंद रहेंगी। वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग ने 22 जून को कबीर जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस की घोषणा की है। प्रशासन ने आदेश का पालन करने के लिए शराब दुकानों को बंद करने का आदेश जारी किया है।

### प्रबंधन के साथ हुई बैठक में भू-विस्थापितों की मांगों पर बनी सहमति

**कोरबा।** कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय में भू-विस्थापितों और एसईसीएल प्रबंधन के मध्य शुक्रवार को बैठक आयोजित कर मांगों पर सहमति बनी। प्रबंधन और एसईसीएल के अधीन कार्य कर रहे निजी कम्पनियों के मध्य विभिन्न मुद्दों जैसे हाई पावर कमेटी के हिसाब से भुगतान और न्यूनतम दर से भुगतान, सप्ताह में एक दिन अवकाश, सुरक्षा उपकरण, निजी कंपनियों में भूविस्थापितों को रोजगार देने और एचपीसी से भुगतान सहित भूविस्थापित ग्राम के स्कूली बच्चों के लिए बस की सुविधा, पेयजल हेतु बोरवेल, चिकित्सा सम्बन्धी समस्याओं हेतु एम्बुलेंस की व्यवस्था और ब्लास्टिंग की वजह से क्षतिग्रस्त मकानों का मूल्यांकन करा कर मुआवजा राशि भुगतान करने पर सहमति बनी। गुरुवार को कुसमुंडा खदान में विभिन्न मांगों को लेकर घंटों खदान बंदी आंदोलन किया गया था। मौके पर पहुंचे प्रबंधन के अधिकारियों ने शुक्रवार को चर्चा की बात कही।

## पाली थाना के भंडारखोल से पुत्री से मिलने जा रहे थे अगारखार

# सड़क हादसाः पिता पुत्र की मौत, जांच में जुटी पुलिस



सड़क हादसे में मृत पिता व पुत्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई है। मृतक आपस में पिता पुत्र थे। घटना बीती रात हाईवे पर सुतर्रा रापाखर्रा के बीच घटित हुई है।

जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र के ग्राम भंडारखोल निवासी शगुन दास अपने 24 वर्षीय पुत्र रविदास के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 बीजे 6673 में सवार होकर भंडारखो से अपने जीजा प्रेमदास के घर दर्री थाना क्षेत्र के ग्राम अगारखार आ रहा था रात्रि लगभग 9 बजे कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सुतर्रा हाईवे के समीप रापाखर्रा पहुंचे थे कि वे हादसे के शिकार हो गए। जब देर रात 9:45 बजे तक रविदास व शगुन दास प्रेमदास के घर नहीं पहुंचे तो उनको चिंता सताने लगी। जिसके बाद प्रेमदास ने अपने साले रविदास के मोबाइल पर संपर्क किया तब डायल 108 के कर्मियों ने रविदास का मोबाइल रिसीव किया और उसे जानकारी दी कि रविदास हादसे का शिकार हो गया है घटना के होते ही रविदास की मौके पर मौत हो गई थी जबकि उसके पिता शगुन दास को गंभीर चोट लगने पर उसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां देर रात उपचार के दौरान शगुन दास की भी मौत हो गई। एक साथ सड़क हादसे में पिता पुत्र की मौत हो जाने से परिवार सदमे में है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि रविदास व शगुन दास को किसी वाहन ने पीछे से ठोकर मारी है या फिर वे रफ्तार की वजह से हादसे के शिकार हुए हैं यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोगों का बयान दर्ज किया जाएगा इसके बाद ही हादसे की वजह स्पष्ट हो पाएगी।

**खास बात**

- कटघोरा थाना क्षेत्र के हाईवे पर सुतर्रा रांपाखर्रा के बीच हुआ हादसा

### पिकअप टकराई ट्रेलर से दो लोगों की मौत

शो रूम के लिए नई ट्रेक्टर लादकर जा रहे मालवाहक ट्रेलर ब्रेक डाउन होने पर सड़क किनारे खड़ी थी, इसी बीच देर रात को सब्जी लेकर जा रही एक तेज रफ़्तार पिकअप अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा पाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार की तड़के सराईपाली ओव्हर ब्रिज के पास घटित हुई है। बताया जाता है कि एक ट्रेलर वाहन में खराबी आने पर सड़क किनारे खड़ा किया गया था। इस दौरान अंबिकापुर से बिलासपुर टमाटर एवं अन्य सब्जी ले कर जा रही तेज रफ्तार पिकअप के चालक को हल्की नींद आ गई और पिकअप वाहन खड़ी ट्रेलर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि पिकअप सवार दो लोगों की मौत हो गई। बलरामपुर निवासी मो अनसार उम्र 25 साल पिता मो उमुरुद्दीन एवं अरमान आली उम्र 24 साल पिता मो हनिफ की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद हाइवे पर यातायात बाधित हो गई थी। घटना की सूचना मिलने पर पाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य करते हुए मृतकों के शव को वैधानिक कार्यवाही के उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### आखिर कब रुकेगा हादसों का सिलसिला

जिले में बढ़ते सड़क हादसों ने शासन प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। लगातार जिला पुलिस प्रशासन इन हादसों को रोकने के लिए प्रयास भी कर रहा है और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही की जा रही है लेकिन इसके बाद भी जिले में हादसों का ग्राफ रुकने का नाम नहीं ले रहा है। खासतौर पर जिले के आउटर इलाके कटघोरा, पाली व बांगो थाना में सबसे ज्यादा हादसे हो रहे हैं। इसकी वजह है कि यह मार्ग अब चकाचक हाईवे में तब्दील हो गया है और लोग रफ्तार पर कंट्रोल नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते हादसे के शिकार हो रहे हैं। ज्यादातर हादसे रफ्तार या फिर शराब पीकर वाहन चलाने की वजह से ही हो रहे हैं।

### रेलवे स्टेशन की सेकेंड एंट्री में बढ़ी चोरों की सक्रियता

**कोरबा।** कोरबा का रेलवे स्टेशन क्षेत्र सुरक्षित नहीं रह गया है। रेलवे का सेकंड एंट्री तो वाहन चोरों के लिए शानदार जगह बन चुकी है। यहां सीसीटीवी के रहते हुए भी बेखौफ चोरी को अंजाम दिया जा रहा है। सुरक्षा अमले की कार्यशैली पर सवाल उठे हैं जब यहां दिन दहाड़े लोको इंस्पेक्टर की एक्टिवा को पार कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक सेकंड एंट्री से कम से कम 30 से 35 दुपहिया वाहन तो वाहन पार हो ही चुके हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को दिन दहाड़े एक लोको इंस्पेक्टर की एक्टिवा पार कर दी गई।जब यहां लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला गया तो देखा कि एक मोटरसाइकिल में सवार होकर दो लोग मौके पर पहुंचे और एक व्यक्ति को छोडक़र उसका साथी यहां से चला गया। इस दौरान वह मोबाइल पर बात करने का नाटक करते हुए इधर-उधर देखा और घूम-फिर कर एक एक्टिवा पर जाकर बैठ गया। उसने एक्टिवा के हैंडल को चेक करने के बाद उसके बगल में खड़ी लोको इंस्पेक्टर की एक्टिवा के पास पहुंचा और लॉक तोडक़र एक्टिवा सहित रफूचक्कर हो गया। इन दोनों की हरकत कमरे में कैद हो गई है और इसके आधार पर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। चोरी की सूचना पुलिस में दे दी गई है।

# नाबालिग की मौत के मामले में तीन लोगों को पुलिस ने भेजा जेल दो फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विवाह कार्यक्रम में शामिल होने गए एक 16 वर्षीय नाबालिग की कुछ लोगों ने जमकर पिटाई कर दी थी। इलाज के दौरान नाबालिग की रायपुर के मेकाहारा में मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने 13 महीने बाद अपराध दर्ज कर एक नाबालिग सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

ज्ञात रहे कि सिविल लाइन रामपुर थानांतर्गत ग्राम नकटीखार में निवासरत वीरेंद्र मंझवार 16 वर्ष अपने साथी सुंदर मंझवार के साथ 8 मार्च 2023 को करतला थाना क्षेत्र के ग्राम केराकछार शादी समारोह में शामिल होने गया था, जहां कुछ लोगों ने वीरेंद्र और उसके साथी की जमकर पिटाई कर दी थी। जिससे वीरेंद्र गंभीर रुप से घायल हो गया था और उसे प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर के मेकाहारा अस्पताल रेफर कर दिया गया था जहां 20 मार्च 2023 को उसकी मौत हो गई थी। मामले में 13 माह बीतने के बाद एसपी के फरमान के बाद अज्ञात हमलावरों के खिलाफ धारा 304, 323., 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें राजकुमार केंवट 25 वर्ष, दिलमोहन राठिया 21 वर्ष व एक नाबालिग शामिल है जबकि अभी भी इस मामले में दो आरोपी फरार हैं। जिसकी पुलिस सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है।

### मां सर्वमंगला मंदिर घाट पर हसदेव आरती आज

**कोरबा।** हर नदी का हो सम्मान, हम पूजे मां गंगा समान, इस ध्येय के साथ नमामि हसदेव के द्वारा हसदेव नदी के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने तथा नदी के घाट का सौन्दर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए हर माह की पूर्णिमा पर हसदेव आरती, प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को सुबह 11 बजे बैठक और तीसरे रविवार को सुबह 6.30 बजे घाट की साफ-सफाई की जाती है। पूर्व से तय कार्यक्रम के अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा पर 22 जून को शाम 6 बजे मां सर्वमंगला मंदिर घाट पर हसदेव आरती की जाएगी। मुख्य यजमान कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, विशिष्ट अतिथि अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, कपिलेश्वरनाथ महिला मंडल की संयोजक सुधा झा, हरिकिशन शिक्षा सेवा समिति के सचिव सुखविंदर सिंह धंजल एवं शिवम आटोमोटिव के मैनेजिंग डायरेक्टर शिव पाण्डेय होंगे। नमामि हसदेव परिवार ने आरती में नगरवासियों से शामिल होने का आह्वान किया है।

# वीडियो कॉल पर मां से बात करते हुए युवक ने लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 26 वर्षीय ट्रक चालक की पत्नी जब मायके गई थी इस बीच ना जाने ऐसा क्या हुआ कि युवक ने अपनी मां को वीडियो कॉल पर बात करते हुए फांसी के फंदे पर झूल गया और मौत को गले लगा लिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के गजरा बस्ती की घटना



पूछताछ करती पुलिस की टीम।

जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गजरा मेन रोड स्थित एसईसीएल के डबल स्टोरी मकान में हंसराज कोसले उम्र लगभग 28 वर्ष पिता नर्मदा प्रसाद कोसले अपने परिवार के साथ निवास करता है। बताया जाता है कि हंसराज की पत्नी अपने मायके गई हुई थी। इस दौरान वह घर पर अकेले था इस दौरान उसने अपने गृहग्राम सारंगढ़ में निवासरत अपनी मां को वाट्सअप विडियो काल कर बात कर रहा था और बात करते करते उसने अपनी मां को कहा कि अब मैं नहीं रह सकता, मुझे मेरे ससुराल वाले लोग बहुत प्रताड़ित करते हैं मां मैं मर रहा हूं मुझे आखरी बार देख लो कहते हुए साड़ी को पंखे से बांधकर फांसी के फंदे पर झुल गया। घटना की सूचना मिलने पर बांकीमोंगरा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मामले को लेकर बांकीमोंगरा थाना प्रभारी प्रमोद डिक्सेना ने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान पति पत्नी में विवाद का मामला सामने आया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

*****कोरबा।** प्रदेश पंचायत सचिव संघ की कोरबा जिला इकाई के जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह कंवर, कार्यकारी जिलाध्यक्ष मोहनचंद कौशिक, जिला सचिव राजकुमार रजक, हसन अली के नेतृत्व में जिले भर के पंचायत सचिव 24 जून से कामबंद कलमबंद हड़ताल पर जा रहे हैं। जयपाल सिंह कंवर ने बताया कि पूर्व में जिला पंचायत सीईओ को कामबंद कलमबंद की सूचना देते हुए चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर समाधान की अपेक्षा की गई लेकिन निराकरण नहीं होने पर 24 जून सोमवार से जिला मुख्यालय में अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।

# युवती को जंगल ले जाकर किया दैहिक शोषण, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो सगी बहन अपने घर से अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे कि इस बीच पास के रहने वाला एक युवक पीछे से पहुंचा और दोनों बहनों को छोड़ने के नाम पर अपने बाइक में बैठाकर जंगल ले गया और एक युवती के साथ दैहिक शोषण की घटना को अंजाम दिया है। युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 376, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला पाली थाना क्षेत्र में घटित हुई है। यहां रतखंडी निवासी ईश्वर सिंह खुसरो उम्र 25 साल पिता जयसिंह खुसरो पड़ोसी जिले पेंड्रा से सटे एक गांव में घूमने गया था जहां दो सगी बहने अपने घर से रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इस बीच ईश्वर ने अपने मोटर सायकल को रोककर उन्हें उनके गतंव्य तक छोड़ने के बहाने बाइक में बैठा लिया और दोनों बहनों को पास के जंगल में ले गया और छोटी बहन को कुछ दूर पहले ही उतार कर उसकी बड़ी बहन के साथ डरा धमका कर बलपूर्वक उसके साथ दैहिक शोषण की घटना को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गया। डरी सहमी युवती अपने घर पहुंची और अपनी आप बीती अपने परिजनों को बताई जिसके बाद परिजनों ने इस मामले की लिखित शिकायत पाली पुलिस से की। जिस पर पुलिस ने ईश्वर सिंह खुसरो के खिलाफ धारा 376, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# विद्युत कंपनी मुख्यालय स्थानांतरण पर संघ ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग विद्युत कर्मचारी संघ (फेडरेशन) ने विद्युत कंपनी मुख्यालय को नवा रायपुर हस्तांतरित किए जाने पर विरोध जताया है। संघ ने आरोप लगाया है कि मुख्यालय भवन निर्माण के लिए करोड़ों रुपए खर्च करने की तैयारी की जा रही है। वर्तमान में दो सौ करोड़ रुपए का खर्च बताया जा रहा है लेकिन वास्तव में इससे दोगुनी राशि खर्च होने की संभावना है। संघ ने मांग की है कि कंपनी मुख्यालय को नया रायपुर हस्तांतरित किए जाने की जगह पुराने मुख्यालय भवन में ही भवन निर्माण व जीर्णोद्धार कार्य किया जाए।

छग विद्युत कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि पिछले कुछ दिनों से कंपनी मुख्यालय को नवा रायपुर में हस्तांतरित किए जाने की कवायद की जा रही है। जिसका एसोसिएशन विरोध करता है। जो कार्य मौजूदा मुख्यालय परिसर में अधिकतम मात्र 5 करोड़ रूपये में आसानी से संभव है उसके लिये नवा रायपुर में लगभग 2 सौ करोड़ रूपये खर्च कर के उपभोक्ताओं पर बोझ डालना अनावश्यक है। मुख्यालय में कार्यरत 1 हजार से अधिक अधिकारी, कर्मचारियों को रायपुर से नये प्रस्तावित मुख्यालय आने जाने के लिए लगभग 40 बसों की आवश्यकता होगी जिसका प्रति माह खर्च ही करोड़ों में होगा। वर्तमान मुख्यालय परिसर में पर्याप्त उपलब्धता वर्तमान मुख्यालय परिसर विद्युत कंपनियों के स्वयं के आधिपत्य में है एवं यह पूरी तरह से पर्याप्त है। पिछले कुछ वर्षों में परिसर में कुछ कार्यालय भवन बनाये गये हैं। हाल ही में तीन कार्यालय भवन का निर्माण हुआ है, अलग-अलग भवन बनाये जाने के बजाय बहुमंजिला कार्यालय भवन बनाया जा सकता है। यही नहीं, अभी भी परिसर में कुछ अत्यंत पुराने अनुपयोगी भवन है जिनके स्थान पर भी नया निर्माण किया जा सकता है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# निगम के ठेकेदारों ने अधिकारियों पर बिल भुगतान नहीं करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम ठेकेदार संघ ने निगम आयुक्त से निगम के इंजीनियरों के द्वारा ठेकादारों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। ठेकादार संघ ने आरोप लगाया है कि समय पर बिल नहीं बनाया जाता और अनावश्यक रुप से ठेकेदारों को परेशान किया जाता है।



**खास बात**

- ठेकेदार संघ ने अपनी मांगों को लेकर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

नगर निगम ठेकेदार संघ के अध्यक्ष असलम खान ने निगम आयुक्त को जारी ज्ञापन में उल्लेख किया है कि ठेकेदारों द्वारा अपनी परेशानियों को लेकर पूर्व में भी निगम आयुक्त से मिलकर चर्चा की गई है। इस दौरान निगम आयुक्त द्वारा फोन लगाकर निगम ठेकेदारों की समस्याओं के निराकरण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया। बावजूद इसके निगम अधिकारी हमारी समस्याओं के निराकरण को लेकर कोई रुचि नहीं दिखा रहा है। जिसकी वजह से ठेकेदारों के सामने आर्थिक तंगी की स्थिति निर्मित हो गई है। ठेकेदार संघ ने आरोप लगाया है कि यह भी देखा जा रहा है की कुछ दिनों से निगम आयुक्त के कक्ष में बिल भुगतान हेतु गई फाइलों का भी निपटारा नहीं हो रहा है, किए गए कार्यों का भुगतान समय पर ना मिलने से ठेकेदारों की परेशानी बढ़ गई है। अगर ऐसे ही हालात रहे तो निगम के कई अन्य अधिकारियों की भी वास्तविकता सामने आने की संभावना है, जिससे नगर निगम की छवि धूमिल हो सकती है। ठेकेदार संघ ने निगम आयुक्त से मांग की है कि सभी फाइलों का भुगतान तत्काल करवाएं और बहुत से ठेकेदारों की पुरानी फाइलें भी हैं जो बिना किसी कारण के अधिकारियों के द्वारा रोक के रखी गई है उनका भी भुगतान विगत 10 दिनों के अंदर किया जाए अन्यथा ठेकेदार संघ द्वारा अपने हक के लिए आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी निगम आयुक्त और नगर निगम की होगी।




